Statement

State-wise Plant Load Factor of Thermal Power Stations in various State Electricity Boards during August, **1989** *and February,* **1990**

Sl. No. State Electricity Board	Plant Load Factor (%)	
	August, 1989	February, 1990
1 Haryana	41. 2	49. 7
2 Rajasthan	51. 9	40. 2
3 Punjab	68. 6	56. 2
4 Uttar Pradesh	42. 5	61. 6
5 Gujarat	44. 9	68. 0
6 Maharashtra.	49. 2	65.
7 Mahdya Pradesh	45. 2	59. 6
8 Andhra Pradesh.	43. 4	76. 8
9 Tamil Nadu	49. 6	69. 7
10 Kamataka	48. 6	98. 9
11 Bihar	29. 5	34. 8
12 Orissa.	21. 2	49. 8
13 West Bengal.	36. 6	23. 7
14 Assam	27. 4	32. 6

1609. [*Withdrawn*]

राजस्थान के लिए बिजली का कोटा

1610 **डा. अबरार अहमद खान:** क्या **ऊर्जा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सतलुज, रावी तथा व्यास नदियों पर स्थित विद्युत परियोजनाओं से किन-किन राज्यों के लिए कितना-कितना विद्युत का हिस्सा निर्धारित किया गया हैं तथा वास्तव में उन राज्यों को कितनी-कितनी विद्युत मिल रही है ; धौल बांध परियोजना, आनन्दपुर साहिब जल विद्युत परियोजना, भुकेरियन जल विद्युत परियोजना एन०बी०डी० स्टेज-2, और शाहपुर कन्दी जल विद्युत परियोजना से राजस्थान के लिये कितने प्रतिशत विद्युत का कोटा निर्धारित किया गया था और इस समय उस राज्य को कितनी बिजली प्राप्त हो रही हैं ;

(ख) क्या यह सच हैं कि उपर्युक्त परियोजना से प्राप्त होने वाली बिजली के वितरण से संबंधित मामला 10 मई, 1984 को उच्चतम न्यायालय को भेजा गया था ; यदि हां, तो इस संबंध में उच्चतम न्यायालय द्वारा दी गई सलाह का ब्यौरा क्या है और क्या उस सलाह के अनुसार राज्यों को बिजली का वितरण किया जा रहा है ; और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ; और

(ग) 26 जुलाई, 1988 को हुई योजना आयोग की बैठक में इस संबंध में क्या निर्णय लिया गया है ? और

ऊर्जा मंत्री, साथ में नागर विमानन मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार (श्री आरिफ मोहम्मद खान) : (क) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी ।

(ख) जी, नहीं ।

(ग) सचिव, योजना आयोग ने शाहपुर-कन्दी परियोजना के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में विचार -विमर्श के लिये 26 जुलाई, 1988 को एक बैठक ली थी और 10 मई, 1984 को हुए समझौते के अनुसार मामले को उच्चतम न्यायालय को भेजे बगैर हरियाणा और राजस्थान शाहपुर-कन्दी परियोजना के क्रियान्वयन के लिये सहमत नहीं हुए थे इसलिये परियोजना को योजना आयोग द्वारा स्वीकृत नहीं किया गया है ।

राजस्थान में बिजली की स्थिति

1611. **डा० अबरार अहमद खान:** क्या **ऊर्जा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस समय राजस्थान में बिजली की मांग कितनी है और इसकी आवश्यकता की कितनी प्रतिशत बिजली पूरी की जा रही है ;

(ख) राजस्थान में चल रही परियोजनाओं से कितने प्रतिशत बिजली उसे मिल रही है और अन्य राज्यों से बिजली की पूर्ति हो रही है और उन राज्यों के नाम क्या-क्या हैं ;

(ग) राजस्थान बिजली उत्पादन के क्षेत्र में कब तक आत्मनिर्भर हो जाएगा और इस संबंध में केंद्रीय सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं ;

(घ) आठवीं पंचवर्षीय योजनावधि के दौरान राजस्थान में कौन-कौन सी नई विद्युत परियोजनायें लगाई जाएंगी और उनकी क्षमता कितनी-कितनी होगी ; और

(ङ) इस समय उस राज्य में स्थित कौन-कौन सी विद्युत परियोजनायें सुचारू रूप से कार्य कर रही है, कौन-कौन सी परियोजनायें खराबियों के कारण बंद पड़ी हैं तथा वे कितने दिन चालू रहीं, और कितने दिन बन्द रहीं, और प्रचालन अवधि के दौरान उनका संयंत्र उदभार गुणक कितना-कितना रहा ?

ऊर्जा मंत्री, साथ में नागर विमानन मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार (श्री आरिफ मोहम्मद खान) : (क) अप्रैल, 89--फरवरी, 90 की अवधि के दौरान राजस्थान की ऊर्जा संबंधी आवश्यकता 9557 मिलियन यूनिट थी तथा इसकी 97% आवश्यकता की पूर्ति की गई थी ।

(ख) अप्रैल, 89--फरवरी, 90 के दौरान राजस्थान में विभिन्न स्रोतों से उपलब्ध विद्युत का ब्यौरा निम्नानुसार है :

1. राजस्थान में स्थित परियोजनाओं से	45%
2. उत्तरी क्षेत्र में केंद्रीय क्षेत्र के केन्द्रों से	26%
3. भाखड़ा व्यास प्रबंध बोर्ड से	26%
4. मध्य प्रदेश की संयुक्त स्वामित्व वाली परियोजना से	1%
5. पंजाब से	2%

(ग) और (घ) आठवीं योजनावधि के दौरान निधियों एवं निवेशों की उपलब्धता पर निर्भर करते हुए राजस्थान में अनन्तिम रूप से 223.4 मैगावाट क्षमता अभिवृद्धि की परिकल्पना की गई है । इसके अलावा उत्तरी क्षेत्र में प्रतिस्थापित की जा रही केंद्रीय क्षेत्र की परियोजनाओं में भी राजस्थान को अपने हिस्से की विद्युत प्राप्त होगी । तथापि 8वीं योजना के अंत में विद्युत की मांग इसकी उपलब्धता से अधिक होने के कारण राज्य द्वारा विद्युत की कमी का अभी सामना किए जाने की संभावना है ।

(ङ) अपेक्षित सूचना अनुपत्र में दी गई है । (**देखिए** परिशिष्ट 153, अनुपत्र सं० 69)

राजस्थान की लम्बित ताप विद्युत परियोजनायें

1612. **डा. अबरार अहमद खान:** क्या **ऊर्जा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि आठवीं पंचवर्षीय योजना के निरूपादन के बाद भी